तापमान
अधिकतम 37 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

# हरिभूमि धमतरी भूमि

रायपुर, मंगलवार, 11 मार्च 2025




11 जनता के भरोसे पर खरा उतरने का भरसक प्रयास करेंगे : गीतेश्वरी



12 अतिक्रमण पर चला नगर निगम का बुलडोजर दुकानदारों ने ...



## खबर संक्षेप

### जिपं का प्रथम सम्मिलन कल

**धमतरी।** जिला पंचायत धमतरी का प्रथम सम्मिलन 12 मार्च को रखा गया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने बताया कि यह सम्मिलन सुबह 11 बजे से जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित किया जायेगा।

### फार्मर रजिस्ट्री के क्रियान्वयन के लिए शिविर आज

**धमतरी।** एग्रीस्टेक परियोजना के तहत फार्मर रजिस्ट्री के क्रियान्वयन के लिए शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसके लिए राजस्व, कृषि और सहकारिता विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों का संयुक्त दल गठित किया गया है। नगरी अनुभाग में फार्मर रजिस्ट्री के सफल क्रियान्वयन के लिए 11 मार्च को सुबह 8 से शाम 5 बजे तक शिविर आयोजित किया जाएगा।

### दक्षिण सिंगपुर में दो दंतैल की आमद

**धमतरी।** दक्षिण सिंगपुर परिक्षेत्र में दो दंतैल ने आमद दी है। हाथी की मौजूदगी को देखते हुए निगरानी दल ने आसपास के दर्जनभर गांव को अलर्ट कर जंगल जाने से मना किया है। निगरानी दल प्रमुख प्रताप साहू, घनश्याम पटेल ने बताया कि दक्षिण सिंगपुर सर्किल मारागांव के परिसर दक्षिण खड़मा में दो हाथी का विचरण हो रहा है। शाम 6.15 बजे कक्ष क्र. 32, 33, 229, 230 में हाथी की उपस्थिति है। ग्राम खड़मा, मड़वापथरा, गिरोलाडीह, सरईरूख, सिंगपुर के ग्रामीणों को हाई अलर्ट किया गया है।

### देवांगन समाज का सम्मान समारोह आज

**सिर्री।** देवांगन समाज धमतरी मंडल के तत्वावधान में 11 मार्च मंगलवार को दोपहर 2 बजे जिला देवांगन समाज अंतर्गत आने वाले जिले के सभी चुनावी प्रत्याशी एवं निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह देवांगन धर्मशाला दानीटोला धमतरी में आयोजित किया गया है। धमतरी मंडल देवांगन समाज के अध्यक्ष जगदीशचंद्र देवांगन ने चुनावी प्रत्याशी, निर्वाचित जनप्रतिनिधि एवं जिला पदाधिकारी, युवा संगठन, महिला संगठन, भवन निर्माण समिति संगठन समेत समाजजनों से उपस्थित होने की अपील की है।

### प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के लिए 12 तक शिविर

**धमतरी।** बेरोजगार युवाओं में कौशल को बढ़ावा देने तथा रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना शुरू की गई है। भोपालराव पवार शासकीय पॉलीटेक्निक रूद्री एवं नोडल अधिकारी प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना ने बताया कि धमतरी जिले के युवाओं के लिए योजना के तहत पंजीयन, आवेदन के लिए शासकीय पॉलीटेक्निक रूद्री में 12 मार्च तक सुबह 11 से शाम 5 बजे तक शिविर लगाया जा रहा है। इच्छुक अभ्यर्थी शिविर में उपस्थित होकर निःशुल्क पंजीयन, आवेदन कर सकते हैं।

## सीईओ दीपक ठाकुर ने दिलाई पद और गोपनीयता की शपथ

# जपं अध्यक्ष, उपाध्यक्ष समेत जनपद सदस्यों ने ली शपथ







- जनपद पंचायत गांवों के विकास का केंद्र बिंदु : रोहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

सोमवार को जनपद पंचायत धमतरी के सीईओ दीपक ठाकुर ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित सदस्यों को कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। इस दौरान कांग्रेस-भाजपा के सभी 25 सदस्य उपस्थित थे। शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा थे।

उल्लेखनीय है कि जनपद पंचायत धमतरी में 6 मार्च को अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का निर्विरोध चुनाव हुआ। भाजपा समर्थित श्रीमती अंगीरा ध्रुव अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष केशव साहू निर्वाचित हुए। 25 सदस्यीय जनपद पंचायत में 17 सीटों पर भाजपा, 7 सीटों पर कांग्रेस तथा 1 सीट पर अन्य प्रत्याशी ने जीत दर्ज की है। निर्विरोध निर्वाचन के लिए सांसद प्रतिनिधि उमेश साहू ने विशेष भूमिका निभाई। उनके सुझाव पर पार्टी के सभी सदस्य एकमत हुए।

सोमवार को जनपद पंचायत धमतरी का प्रथम सम्मिलन एवं शपथ ग्रहण आयोजित किया गया। जिसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और 23 सदस्यों को सीईओ दीपक ठाकुर ने शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा थे। अध्यक्षता नेहरू निषाद अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग ने की। विशिष्ट अतिथि निगम सभापति कौशिल्या देवांगन, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, पूर्व विधायक रंजना साहू, पूर्व सांसद प्रतिनिधि उमेश साहू सहित भाजपा नेता हेमंत चंद्राकर, शशि पवार, दयाराम साहू, बालाराम साहू, मोनिका देवांगन, प्रकाश गोलछा, कालीदास सिन्हा, अवनेंद्र साहू, प्रियंका सिन्हा, मिश्रीलाल पटेल, राजू चंद्राकर, मिथिलेश सिन्हा, अमन राव, पिंकू साहू थे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री रोहरा ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि गांवों के विकास का केंद्र बिंदु जनपद पंचायत है। पंचायतीराज की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हमारा लक्ष्य होना चाहिए। पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद ने कहा कि सभी जनपद सदस्यों का यही प्रयास होना चाहिए कि विकास हर घर तक पहुंचे। शपथ ग्रहण के बाद अध्यक्ष अंगीरा ध्रुव ने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि पार्टी ने उसे जो जवाबदारी सौंपी है, उस पर खरा उतरने वह हरसंभव प्रयास करेंगी। सभी सदस्यों को साथ लेकर जनपद की सभी 94 पंचायतों में समान रूप से विकास कार्य करेंगे। शासन की प्रत्येक योजनाओं को जरूरतमंदों तक पहुंचाना उनका लक्ष्य रहेगा। उपाध्यक्ष केशव साहू ने कहा कि क्षेत्र की जनता सहित जनपद के सभी सदस्यों को धन्यवाद देता हूं जिसने मुझे उपाध्यक्ष पद के लायक समझा। विकास कार्यों को धरातल तक लाना उनका विजन रहेगा। शासन की लाभकारी योजनओं से वंचित लोगों को उसका हक मिले, उसका उद्देश्य है।

### कांग्रेस-भाजपा सदस्यों ने ली सामूहिक शपथ

शपथ ग्रहण समारोह से पहले कांग्रेस सदस्य अलग से शपथ लेने की मानसिकता में थे। शपथ ग्रहण में समरसता बनाए रखने के लिए उमेश साहू के सुझाव पर ब्रजेश जगताप को मंच में स्थान दिया गया। जिससे अलग-अलग शपथ लेने का मामला शांत हुआ और सभी सदस्यों ने एक साथ पद और गोपनीयता की शपथ ली।

# मांदागिरी की पहाड़ी से मिला नक्सलियों का सामान

- फोर्स ने की मुठभेड़ स्थल की सर्चिंग, नक्सलियों के खिलाफ अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

बीते दिनों मांदागिरी के जंगल में नक्सली व पुलिस के बीच हुई मुठभेड़ के बाद सुरक्षा बलों ने सर्चिंग कर नक्सलियों का सामान बरामद किया। वहीं मुठभेड़ में शामिल नक्सलियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है।

पुलिस के अनुसार डीआरजी प्रभारी को सूचना मिली कि सशस्त्र नक्सली ज्योति, जानसी, भूमिका, राजेश, श्रवण, राधा सहित 8 से 10 नक्सली शासकीय सम्पत्ति सड़क, पुल, पुलिया तथा पुलिस पार्टी को क्षति पहुंचाने, उनका हथियार लूटने की नीयत से मांदागिरी पहाड़ी के तेंदुडोंगरी के आसपास जमे हुए हैं। सूचना पर नक्सल आपरेशन प्लान अभियान के तहत 3 मार्च को फोर्स डीआरजी को सर्चिंग के लिए रवाना किया गया। फोर्स में प्रभारी सहित 34 जवान शामिल थे। आर्म्स एम्युनेशन एवं संचार के साधन से लैस होकर फोर्स मांदागिरी पहाड़ी की ओर सर्चिंग के लिए रवाना हुई तभी घात लगाकर बैठे सशस्त्र वर्दीधारी नक्सलियों ने पुलिस पार्टी पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस पार्टी द्वारा जवाबी कार्रवाई की गई। इस दौरान नक्सलियों को आत्मसमर्पण की चेतावनी दी गई लेकिन नक्सलियों द्वारा रूक-रूककर फायरिंग की जाती रही। पुलिस पार्टी द्वारा घेराबंदी करने पर नक्सली पहाड़ी व जंगल का फायदा उठाकर भाग गए। पुलिस ने घटनास्थल की सर्चिंग की तो एक हरा, सफेद रंग का थैला मिला जिसके अंदर 3 नक्सली साहित्य, 1 नग कापी, स्टील का टिफिन था। पुलिस ने इन सामानों को बरामद कर लिया है।

डीआरजी प्रभारी के लिखित आवेदन पर मेचका थाना में मुठभेड़ में शामिल नक्सली ज्योति, जानसी, भूमिका, राजेश, श्रवण व राधा के खिलाफ विधि विरूद्ध क्रियाकलाप-निवारण अधिनियम 1967 के तहत धारा 10, 13(1)(ए) व बीएनएस की धारा 109, 190, 191(2), 191(3) के तहत अपराध दर्ज किया गया है।


## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969


# पुरी में मृत्युभोज के दौरान मारपीट दहशत में आकर अधेड़ की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



मृत्युभोज के दौरान हुई मारपीट की घटना को देखकर अधेड़ अचानक जमीन पर गिर गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल लाया गया जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। अस्पताल पुलिस चौकी को दिए बयान में मृतक के भतीजे दुखासा साहू पिता दीनदयाल ग्राम पुरी थाना अर्जुनी निवासी ने बताया कि रविवार की रात्रि गांव के टीकाराम साहू के घर में मृत्युभोज का कार्यक्रम था। मृत्युभोज में अपने समाज के लोगों को वह भोजन परोसा रहा था। इस दौरान पत्ता व डिस्पोजल के खत्म हो जाने से और मांगने पर टीका के भाई कुंजलाल साहू ने वहीं पड़ा होगा दिखाई नहीं दे रहा कहकर गाली-गलौज करने लगा। उसके पिता दीनदयाल साहू व बड़े भाई यशवंत साहू बीचबचाव करने गए। इसी बीच यशवंत से मारपीट की गई। घटना के दौरान वहीं पर चाचा गोविंद साहू पिता मनकर 57 वर्ष खड़ा था, जो अचानक जमीन पर गिर गया। उसे उपचार के लिए तत्काल जिला अस्पताल लाया गया। जहां डाक्टर ने चेकअप के बाद गोविंद को मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।

# होलिका दहन का शुभ मुहूर्त, 13 को रात्रि 11:31 बजे के बाद

**धमतरी।** विप्र विद्वत परिषद ने देव पंचांग के अनुसार निर्णय लिया है कि 13 मार्च को रात्रि 11 बजकर 31 मिनट के बाद होलिका का दहन किया जायेगा। दूसरे दिन 14 मार्च को वसंतोत्सव धूलिवंदन का त्योहार मनाया जायेगा। मीडिया प्रभारी पंडित राजकुमार तिवारी ने बताया कि होली का त्योहार कई पौराणिक गाथाओं से जुड़ा हुआ है। यह हिन्दुओं का बड़ा त्यौहार है। आपसी भाईचारा का त्योहार है। विप्र विद्वत परिषद ने अपील की है कि उक्त तिथि एवं मुहूर्त पर होलिका दहन करें एवं त्योहार को भाईचारे के साथ एवं शांतिपूर्ण मनाएं।

# घर में गांजा बेचते आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

कुरुद नमस्कार चौक के पास अपने घर में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा बेचने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से मादक पदार्थ गांजा 2.373 किलो ग्राम, बाजार कीमत करीबन 24,000 रूपये बिक्री रकम 120 रूपये कुल 24,120 रुपये जब्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई है।



पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि सूर्य नमस्कार चौक के पास जयराम नेताम अपने घर में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखकर बेच रहा है। इस सूचना पर पुलिस ने तत्काल दबिश दी और गवाहों के समक्ष आरोपी को अपने आंगन में एक प्लास्टिक की बोरी के अंदर हरा व सफेद रंग की पॉलीथिन में अवैध गांजा बेचते हुए रंगेहाथ पकड़ा। वहीं गांजा खरीदने वाले ग्राहक पुलिस को देखकर भाग गये। नारकोटिक्स एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

इस कार्रवाई में थाना कुरूद से सउनि सुरेशनंद, महेश साहू, गहेश्वर ध्रुव, आरक्षक ओमनारायण सोनवानी की भूमिका रही।

### जहर सेवन से अधेड़ की मौत

**धमतरी।** शारीरिक बीमारी से परेशान होकर एक अधेड़ ने कीटनाशक दवाई का सेवनकर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार रूद्री बस्ती निवासी संतकुमार धनकर पिता श्यामलाल उम्र 52 वर्ष पेंटर का काम करता था। बीते 3-4 महीने से वह बीमार चल रहा था। रायपुर के अस्पताल में उनका इलाज कराया गया, लेकिन इलाज के बाद भी उसकी तबीयत में सुधार नहीं आया। 1 मार्च को संतकुमार घर पर अकेला था। उसकी पत्नी काम पर गई थी। इसी दौरान अधेड़ ने घर पर कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। पत्नी जब काम से घर लौटी तो उसे घटना की जानकारी हुई। अधेड़ को उपचार के लिए मसीही अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान रविवार की शाम अधेड़ की मौत हो गई। चौकी पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।

## भालूझूलन के ग्रामीणों ने कलेक्टोरेट में किया प्रदर्शन

# फूड पार्क के लिए जमीन का हस्तांतरण, आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

ग्राम भालूझूलन की 11 हेक्टेयर शासकीय जमीन को उद्योग विभाग को हस्तांतरण करने के खिलाफ ग्रामीणों में आक्रोश है। सोमवार को बड़ी संख्या में कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीणों ने कलेक्टर तथा पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर जमीन हस्तांतरण का विरोध किया है।



ग्रामीणों ने कलेक्टोरेट में प्रदर्शन करने के बाद कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि कुरूद तहसील के कन्हारपुरी पंचायत के आश्रित ग्राम भालूझूलन की 11 हेक्टेयर जमीन को संचालनालय उद्योग विभाग को हस्तांतरित किया जा चुका है। इसके लिए पंचायत का प्रस्ताव भी नहीं लिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव की निस्तारी का मुख्य साधन तालाब है। यह 700 से 800 मवेशियों तथा 300 से 400 बकरियों के लिए पानी पीने का एकमात्र स्त्रोत है। अल्पवर्षा की स्थिति में इसी तालाब के पानी से खेतों की सिंचाई की जाती है। गांव में 150 से 200 बोरखनन किया जा चुका है। जलस्तर नीचे चले जाने से सभी बोर सूखे हैं। यह तालाब ग्रामीणों की निस्तारी का एकमात्र साधन है, जिसे फूड पार्क में लिया जा रहा है। भालूझूलन से डांडेसरा राजमार्ग 1.5 किमी है। यह रास्ता फूड पार्क के बीचोबीच आ रहा है जिससे ग्रामीणों का आवागमन बाधित होगा। चारागाह के लिए तालाब किनारे भूमि आवंटित नहीं है। खेल मैदान की भूमि भी पार्क में जा रही है। श्मशान के लिए डांडेसरा रोड किनारे दी गई जमीन आरक्षित होनी चाहिए। जनसंख्या को देखते हुए 100 परिवारों के लिए आबादी भूमि का चिन्हांकन किया जाना चाहिए। फूड पार्क की जमीन बस्ती से लगे होने के कारण ध्वनि एवं वायु प्रदूषण के कारण ग्रामीणों को स्वास्थ्य को लेकर चिंता बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि फूड पार्क के अलावा नर्सिंग कालेज, लॉ कालेज आदि शैक्षणिक संस्थान खोला जाना चाहिए।

ग्रामीणों ने उक्त बिन्दुओं को लेकर फूड पार्क की जमीन हस्तांतरण का विरोध किया है। इस मौके पर बड़ी संख्या में भालूझूलन के ग्रामीण मौजूद थे।




## खबर संक्षेप



### सेमरा के संदीप कुमार उपसरपंच चुने गए

**नगरी।** ग्राम पंचायत सेमरा के उपसरपंच संदीप कुमार देवांगन बनाए गए। उपसरपंच चुनाव के लिए 4 उम्मीदवार थे। तीन उम्मीदवार को क्रमशः 6, 5, 1 वोट मिले। संदीप देवांगन को 8 वोट मिले। श्री देवांगन 2 मत से विजय होकर ग्राम पंचायत सेमरा के नवनिर्वाचित उपसरपंच बने।

### अरमान खान हंकारा के उपसरपंच निर्वाचित

**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम पंचायत हंकारा के आश्रित गांव कसही में अरमान खान उपसरपंच चुने गये।



इस अवसर पर सरपंच डिगेशवरी साहू, आरती ध्रुव, मनहरण ध्रुव, लोकेश्वरी साहू, हेमजयोति ध्रुव, तीजिया पटेल, सुनीता ध्रुव, देवलाल ध्रुवंशी, जनक ध्रुवंशी, मुकेश ध्रुव, सावित्री यादव उपस्थित थे।

### खैरझिटी में निर्विरोध उपसरपंच बने लेखन

**मगरलोड।** ग्राम पंचायत खैरझिटी से 11 में 8 भाजपा समर्थित पंच जीते। पार्टी ने सक्रिय कार्यकर्ता व दो बार के पंच रहे लेखन साहू को उपसरपंच बनाने समर्थन दिया। वे



निर्विरोध उपसरपंच चुने गए। मौके पर पीठासीन अधिकारी जागेश्वर निषाद, सचिव विनोद साहू, सरपंच जयनारायण साहू, नवनिर्वाचित पंच महेंद्र साहू, विनीता साहू, राधा यादव, परमिला साहू, भारती ध्रुव, गीता कश्यप, कामिनी साहू, खुशबू साहू, सुनील साहू, अमित साहू, भाजपा कार्यकर्ता ओंकार साहू, बिसरूराम साहू, नंदकुमार साहू, रंजीत कश्यप, अशोक ध्रुव, ओमप्रकाश साहू, किशन ध्रुव, रिखीराम यादव, नारायण साहू, केशव साहू, शत्रुघन साहू, बिन्दुरामराम साहू, इंद्रकुमार यादव, रेवाराम, अशोक साहू, बउवाराम साहू, धर्मेंद्र साहू, भारत साहू, अमृतचंद साहू उपस्थित थे।

### टास जीतकर हरीश बने सांकरा के उपसरपंच

**सांकरा।** ग्राम पंचायत सांकरा के उपसरपंच पद के लिए चार दावेदार थे जिसमें हरीश साहू एवं लव कुमार साहू दोनों को बराबर 8 वोट प्राप्त हुए। उसके पश्चात टास



कराया गया जिसमें हरीश (राजू) साहू विजय हुए। 5 साल पहले भी वे इस पद पर कार्य कर चुके हैं और उनके कार्यकाल को ग्रामीणों ने खूब सराहा था। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद उनके समर्थकों में हर्ष है। ग्रामीणों ने उन्हें माला पहनाकर और मिठाई बांटकर बधाई दी। इस मौके पर हरीश ने कहा कि वे गांव के विकास और जनकल्याण के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। उनके पिछले कार्यकाल में गांव में सड़क निर्माण, स्वच्छता अभियान, जल निकासी व्यवस्था और अन्य महत्वपूर्ण विकास कार्य हुए थे। इसी भरोसे के चलते ग्रामीणों ने एक बार फिर उन्हें इस पद के लिए चुना। हरीश ने आगे कहा कि वे पंचायत के हर व्यक्ति की समस्या को प्राथमिकता देंगे और गांव के उत्थान के लिए लगातार कार्य करते रहेंगे।

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

## क्रॉस वोटिंग हुई : भाजपा की रणनीति से पक्ष-विपक्ष दोनों को मिले बराबर वोट

# लॉटरी से कांग्रेस के देवव्रत हुए उपाध्यक्ष निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

नगर पंचायत कुरूद में नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों का प्रथम सम्मिलन हुआ। उपाध्यक्ष चुनाव को लेकर एक दिन पहले हरिभूमि ने जो खबर प्रकाशित की थी, एक बार फिर सच साबित हुई। उपाध्यक्ष पद के लिए साहू समाज के ही देवव्रत साहू निर्वाचित हुए। वहीं भाजपा की रणनीति भी काम आई और वे क्रॉस वोटिंग कराने में सफल रही हालांकि उपाध्यक्ष बनाने में उनकी किस्मत साथ नहीं दे पाई।

सोमवार को नगर पंचायत कुरूद की नवनिर्वाचित अध्यक्ष ज्योति भानु चन्द्राकर समेत सभी 15 वार्ड के पार्षदों का प्रथम सम्मिलन मंगल भवन में आयोजित किया गया। पीठासीन अधिकारी एसडीएम नभसिंह कोसले,

### हरिभूमि की खबर पर एक बार फिर लगी मुहर



सहायक तहसीलदार दुर्गा साहू एवं सीएमओ महेंद्र राज गुप्ता ने सुबह 10 बजे परिषद के उपाध्यक्ष पद हेतु प्रक्रिया प्रारम्भ की। 9 पार्षदों के साथ चुनकर आई कांग्रेस ने वार्ड क्र. 13 से तीन बार निर्वाचित होकर आए विधानसभा युकां अध्यक्ष देवव्रत साहू को अभ्यर्थी बनाया। जबकि अध्यक्ष समेत 7 पार्षदों के साथ निकाय में बैठी भाजपा ने वार्ड क्र. 4 के पार्षद महेंद्र गायकवाड़ को नाम निर्देशन पत्र जमा कराया जिससे मतदान की स्थिति निर्मित हो गई।

प्रथम सम्मिलन में अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर, उपाध्यक्ष देवव्रत साहू, पार्षद उत्तम साहू, डुमेश साहू, रजत चन्द्राकर, महेंद्र गायकवाड़, मिथकलेश बैस, सितेश सिन्हा, उर्वशी रजत चन्द्राकर, रवि मानिकपुरी, कविता चन्द्राकर, अर्जुन ध्रुव, राजकुमारी अलख ध्रुव, राखी तपन चन्द्राकर, मनीष साहू, मंजु प्रमोद साहू ने भाग लिया। निर्वाचन के दौरान भाजपा से भानु चन्द्राकर, कृष्णकान्त साहू, मोहन अग्रवाल, विनोद चन्द्राकर, मूलचंद सिन्हा, खीलू देवांगन, संजु चन्द्राकर तथा कांग्रेस से पर्यवेक्षक सुखचंद बेंसरा, तारिणी चन्द्राकर, राजकुमारी दीवान, आशीष शर्मा, तपन चन्द्राकर, प्रमोद साहू, मनोज अग्रवाल आदि बाहर मौजूद रहे।

### अज्ञात पार्षद के खिलाफ हुई जमकर नारेबाजी

नामांकन की समीक्षा पश्चात मतदान कराया गया जिसमे पक्ष-विपक्ष को बराबर 8-8 मत मिले। कांग्रेस के पास 9 पार्षद होने के बाद भी भाजपा के पक्ष में क्रॉस वोटिंग होने से कांग्रेसी खेमे में जमकर बवाल होने लगा। कांग्रेसी जहां पार्टी के साथ गद्दारी करने वाले अज्ञात पार्षद के खिलाफ जमकर नारेबाजी करने लगे वहीं भाजपाई भी 8 मत मिलने से खुशी मनाने लगे। अब उपाध्यक्ष कौन बनेगा इसे लेकर सबकी निगाहें टिकी रही। पक्ष-विपक्ष को बराबर मत मिलने की स्थिति में कुछ देर बाद पीठासीन अधिकारी ने लॉटरी निकालकर निर्वाचन कराया। जिसमें कांग्रेस के पार्षद देवव्रत साहू की किस्मत ने साथ दिया और वे उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए। वहीं निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कांग्रेसियों ने भाजपा की रणनीति के बाद भी कांग्रेस से ही उपाध्यक्ष बनने पर खुशी जाहिर करते हुये पटाका फोड़कर जश्न मनाया।

### बहुमत के बाद भी क्रॉस वोटिंग से कांग्रेस में बवाल

बहुमत के बावजूद क्रॉस वोटिंग को लेकर कांग्रेसियों में जमकर बवाल मच गया। पहले तो नगर पंचायत परिसर में गुस्साए कांग्रेसियों ने खूब आक्रोश प्रकट किया तत्पश्चात पार्टी कार्यालय में एकत्र हुए नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस से पर्यवेक्षक सुखचंद बेंसरा व ब्लाक अध्यक्ष आशीष शर्मा के समक्ष सभी पार्षदों से कसम खिखाने एवं गद्दारों को चिन्हित कर बाहर का रास्ता दिखाने की मांग की। निर्वाचित उपाध्यक्ष देवव्रत साहू ने कहा कि किस्मत के साथ देने से वे उपाध्यक्ष तो बन गए लेकिन 9 पार्षदों में से 1 गद्दार कौन है जिसने भाजपा का साथ देकर क्रॉस वोटिंग की है, उसे चिन्हांकित किया जाए। जिस पर सभी नेता, कार्यकर्ता चंडी मां की फोटो रखकर कसम खाने की बात कही। साथ ही एक दूसरे का मोबाइल फोन चेक करने कहा। तारिणी, रजत और तपन ने विधानसभा चुनाव और नगर पंचायत चुनाव में भी भितरघात किए जाने जिक्र कर उसे भी सबके सामने लाने की बात कही।

### हार गए लेकिन भाजपा की रणनीति की हुई तारीफ

इस चुनाव में 6 पार्षद संख्या वाले भाजपा के पास खोने के लिए कुछ भी नहीं था, लेकिन बेहतर रणनीति तैयार कर पाने के लिए जो प्रयास किया था उसमें वे सफल होते नजर आ रही थी। उनके साम, दाम, भेद, नीति तो काम आई, लेकिन अंततः किस्मत ने साथ नहीं दिया। लॉटरी निकालकर घोषित किये गए चुनाव परिणाम में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। इसे लेकर नगर के राजनीतिक गलियारों में भाजपा के रणनीतिकारों की प्रशंसा तो हो रही वहीं कांग्रेस की एकजुटता में लगातार आ रही कमी की चर्चा जोरों पर होने लगी। बता दें कि उपाध्यक्ष चुनाव को लेकर हमने 10 मार्च के अंक में साहू ही बनेंगे नपं कुरुद के उपाध्यक्ष व भाजपा की रणनीति पर भी रहेंगी सबकी निगाहें खबर प्रकाशित की थी, वह एकबार फिर सच साबित हुई है। साहू समाज के देवव्रत साहू उपाध्यक्ष बने। भाजपा भी अपनी रणनीति बिठाने में लगभग सच साबित हुई है।

# विरेंद्र के हाथों में मगरलोड जनपद की कमान

## जनपद अध्यक्ष-उपाध्यक्ष सहित सभी 21 सदस्यों ने ली शपथ





हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

जनपद पंचायत मगरलोड के सभाकक्ष में सोमवार को शपथ ग्रहण समारोह हुआ। जनपद पंचायत मगरलोड के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिव्या ठाकुर ने जनपद पंचायत अध्यक्ष विरेंद्र साहू, उपाध्यक्ष खिलेश साहू एवं सभी 21 जनपद पंचायत सदस्य को पद की शपथ दिलाई।

नवनिर्वाचित जनपद पंचायत अध्यक्ष विरेंद्र साहू ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि जनपद क्षेत्र अंतर्गत 66 ग्राम पंचायत का विकास हम सब मिलकर करेंगे। सभी जनपद सदस्यों का सहयोग गांव के विकास में आवश्यक है। जनपद क्षेत्रवासियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले, यही हम सबकी भावना होनी चाहिए।

कार्यक्रम में जिपं सदस्य टीआर कंवर, मीना डेमू साहू, नरेश सिन्हा, रोहित मोहन साहू, कल्याण सिंह राजपूत, होरीलाल साहू, विजय यदु, श्याम साहू, रामस्वरूप साहू, नरेश अग्रवाल, डागेश्वर सोनकर, खेमू साहू, टीकम साहू, बीआर नाग, शत्रुघ्न साहू, घनश्याम साहू, डेमू साहू, जयनारायण साहू, लोकेश साहू, इशू साहू, राखी साहू, राधा साहू, यवन साहू, रंजीत कश्यप, लेखन साहू, देवेंद्र साहू, दीपक साहू, दशरथ साहू, नेमू निषाद, प्यारी साहू उपस्थित थे।

# जंगल को आग से बचाने, अवैध कटाई रोकने ग्रामसभा के सदस्यों ने कसी कमर

■ फरसगांव में 16 गांव के ग्रामसभा सदस्यों की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



ब्लॉक के अभ्यारण्य उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के ग्राम फरसगांव में 16 गांव फरसगांव, मुहकोट, ठोथाझरिया, गाताबाहरा, साल्हेबाट, एकावारी, खल्लारी, जोगीबिरदो, आमझर, लीलांज, नागेश, करलांझर, कोयबा, कुरूभाटा, आमानाला के ग्राम सभा सदस्यों की बैठक खोज संस्था के बैनरतले हुई।

बैठक में सदस्यों ने तय किया कि अपनी पारंपरिक सीमा के जंगल में अवैध कटाई, अवैध शिकार एवं जंगल को आग से बचने का काम ग्रामसभा करेगी। चाहे ग्राम सभा को सामुदायिक वन संसाधन का अधिकार पत्र मिला हो या दावा किया हो सभी को संरक्षण प्रबंधन पर काम करने का निर्णय लिया गया। फेडरेशन की आगामी बैठक 15 अप्रैल को ग्राम बुडरा में होगी।

बैठक में दाऊलाल, ईश्वरलाल, सेवकराम, नारायण, जागेश्वर, देवसिंह, गाढ़ाराय, प्रियंका कुंजाम, हीरालाल, शैलेन्द्री नेताम, दुलारी मरकाम, पतिराम ओटी, रूपसिंह नेताम, दौलत नेताम, दीपक मंडावी, मधुसिंह, अर्जुन नायक, करण नाग, टीकम नागवंशी और खोज संस्था के कार्यकर्ता सरस्वती ध्रुव, धनेश्वरी जगत, राजेश पटेल, लोकनाथ, गुलशन झरिया, सिंधिया मरकाम, नंदिनी साहू, उषा ठाकुर उपस्थित रहे।

# कलावती, अजय ने रैली निकालकर बुजुर्गों से लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



दुगली जनपद क्षेत्र के नवनिर्वाचित जनपद सदस्य कलावती मरकाम एवं नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य अजय फत्ते लाल ध्रुव ने दुगली जनपद क्षेत्र के सभी ग्राम पंचायत कौहाबाहरा, दुगली, मुनईकेरा, कोलियारी, गुहाननाला के आश्रित गांवों में आभार रैली निकालकर बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया।

मौके पर श्यामाचरण मंडावी, गुहाननाला सरपंच मानकी कुंजाम, बूथ अध्यक्ष कौहाबाहरा भूषण मरकाम, बूथ अध्यक्ष राजेश्वर नेताम, जोगी टेकाम, दुगली बूथ अध्यक्ष आशाराम ओटी, मयतूराम मरकाम, हरीश परते, मंगलराम मरकाम, राजाराम नेताम, असवन नेताम, जोहन नेताम, चांदूराम मरकाम, आशाराम मरकाम, आशा नेताम, अमृत मरकाम, पूर्व जिपं उपाध्यक्ष राजाराम मंडावी, शिवकुमार मरकाम, बृजलाल सोरी, जमुनाबाई मरकाम, अमरो मरकाम, फुलेश्वरी मरकाम, निर्मला मरकाम, जागेश्वरी टेकाम, सतेशवरी नेताम, हेमा वट्टी उपस्थित थे।

### पुरी में फत्तेलाल नेताम बने उपसरपंच



**पुरी।** ग्राम पंचायत पुरी में उपसरपंच पद के लिए मतदान हुआ जिसमें फत्तेलाल नेताम उपसरपंच चुने गए।

**न्यायालय तहसीलदार मगरलोड**
**जिला धमतरी छ.ग.**
**//उद्घोषणा//**

रा.प्र.क्र. 202307130100004/अ-21/वर्ष 2022-22

ग्राम देवगांव प.ह.नं. 28 तहसील मगरलोड एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गैंदलाल टेकाम पिता बालाराम टेकाम, जाति गोंड़ प्रास्थिति-अनुसूचित जनजाति काश्तकार देवगांव, निवासी साल्हेभाट छुही, थाना केरेगांव, तहसील-कुकरेल, जिला-धमतरी द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम देवगांव स्थित भूमि खसरा नंबर 465 रकबा 0.87 है. राजस्व अभिलेख में दर्ज चली आ रही है। आवेदक ने अपने स्वामित्व आधिपत्य की उपरोक्त भूमि को गैर अनुसूचित जनजाति वर्ग के व्यक्ति श्रीमति रेणुकाबाई साहू उम्र 37 वर्ष पति राजू साहू निवासी ग्राम-झाझरकेरा, तहसील-मगरलोड के विक्रय करना प्रस्तावित क्रेता द्वारा करने अपनी मौखिक सहमति भी प्रदान करते हुए क्रेता श्रीमति रेणुकाबाई साहू के पक्ष में चुकता 6,20,000-/- रूपये में पक्का सौदा दिनांक 22.06.2023 को कर दिया गया है एवं ब्याना बतौर 1,00,000/- रूपये में दो गवाहों के समक्ष प्राप्त कर लिया गया है। उक्त विक्रित भूमि के अलावा ग्राम-साल्हेभाठ में कुल खसरा नंबर 09 कुल रकबा 1.69 हे. आवेदक के नाम पर दर्ज है। अतः विक्रय किये जाने अनुमति हेतु आवेदन कलेक्टर महोदय के समक्ष प्रस्तुत होने पर उचित मद में दर्ज होकर जांच हेतु प्राप्त हुआ है।

अतएवं आवेदक के आवेदन के संबंध में जिस व्यक्ति/सह खातेदार को कोई आपत्ति हो तो वह अपना लिखित आपत्ति स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 27.01.2025 तक न्यायालय में उपस्थित हो कर प्रस्तुत कर सकते हैं बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा से जारी किया गया।

(मुहर) **तहसीलदार मगरलोड**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल आमदी, तहसील-धमतरी, जिला-धमतरी**
**सूचना पत्र**

प्रति,

1. चंद्रकांत पिता तुलाराम
2. किशनलाल पि. बरतराम
3. अघनुराम पि. चतुरराम
4. नोखेलाल पि. गौचरन सिंह महार
5. विनय कुमार केला पि. मुरलीधर रायपुर
6. प्रितपाल सिंह पि. मनजीत सिंह छाबड़ा डाक बंगला वार्ड धमतरी
7. बिदेशी पि. थानसिंह
8. खोरबाहरा पि. गोकुल वगै.
9. गजानंद पि. लक्ष्मण
10. दूजराम पि. मण्डल
11. महेश्वर पि. दूजराम

विषय :- सीमांकन की सूचना बाबत।

---00---

आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक चंद्रकांत पिता तुलाराम ग्राम मुजगहन द्वारा ग्राम मुजगहन प.ह.नं. 29 तहसील व जिला धमतरी स्थित भूमि ख.नं. 1182, 1184/1 रकबा 0.14, 0.22 हे. भूमि का सीमांकन हेतु प्रस्तुत आवेदन पर श्रीमान तहसीलदार धमतरी के ज्ञा.क्र. ........ आदेश दिनांक 05/02/2025 के परिपालन में सीमांकन हेतु सीमांकन दिनांक 12/03/2025 दिन बुधवार को समय 11:30 बजे से मेरे द्वारा किया जाना है।

अतः आप सीमावर्ती भूमिस्वामी होने के कारण स्थल निरीक्षण/नाप के समय स्थल पर दस्तावेजों के साथ उपस्थित रहें। समय पश्चात आपत्ति स्वीकार्य नहीं की जावेगी।

जारी दिनांक-10/03/2025 **राजस्व निरीक्षक आमदी**

**आम सूचना**

(ग्राम करेठा प.ह.न. 36 रा.नि.मं. कोलियारी तह. धमतरी जिला धमतरी में स्थित खसरा न. 81/38 रकबा क्रमशः 0.008 हे. 920 वर्गफिट के बंधक निष्पादन किये जाने एवं उक्त सम्पत्ति पूर्व के मुल विक्रय विलेख दिनांक 13.07.2012 एवं दिनांक 04.09.2017 के गुम हो जाने बाबत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार राजेन्द्र कुमार साहू उम्र 37 वर्ग पिता श्री सेवक राम साहू निवासी ग्राम भठगांव तह. धमतरी जिला धमतरी ने अपने हक एवं स्वामित्व एवं कब्जे की भूमि करेठा तह. धमतरी जिला धमतरी (छ.ग.) में स्थित खसरा न. 81/38 रकबा क्रमशः 0.008 हे. 920 वर्गफिट उक्त सम्पत्ति को चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड जिसका कार्यालाय तिवारी बाडा रत्नाबाधा चौक धमतरी तह. व जिला धमतरी में स्थित है, में बंधक रखकर ऋण लेने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है जिसका विक्रस विलेख ग्रन्थ क्रमांक 12228 में पृष्ट 443 से 464 पर विलेख क्रमाक में 1486 उपपंजीयक कार्यालय धमतरी दिनांकित 28.06.2024 को पंजीकृत है। जो उसे खरीदी द्वारा प्राप्त हुई ।

उक्त सम्पत्ति का पूर्व का 1. विक्रय विलेख कि मूल प्रति जिसमें विकेता श्री दुर्गा प्रसाद पटेल पिता भूरेलाल पटेल निवासी ग्राम रूद्री रोड धमतरी तह. धमतरी जिला धमतरी (छ.ग.) तथा क्रेता श्रीमति रेखा शर्मा पति ओमप्रकाश शर्मा निवासी ग्राम आमापारा वार्ड तह. धमतरी जिला धमतरी (छ.ग.) जिसका ग्रन्थ क्रमाक 8787 में पृष्ट 21 से 28 पर विलेख क्रमाक में 1073 उपपंजीयक कार्यालय धमतरी है 2. जिसमें विक्रेता श्रीमति रेखा शर्मा पति ओमप्रकाश शर्मा निवासी ग्राम आमापारा वार्ड तह. धमतरी जिला धमतरी (छ.ग.) तथा क्रेता श्री कप्तान सोनकर पित्ता सुक्खु राम सोनकर निवासी ग्राम कोहडा जौनपुर उत्तर प्रदेश जिसका ग्रन्थ क्रमाक 10633 में पृष्ट 320 से 339 पर विलेख क्रमाक में 1378 उपपंजीयक कार्यालय धमतरी में कही गुम हो गया है बहुत खोज बिन के पश्चात भी नहीं मिल रहा है अतः किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, निकाय, शासन प्रशासन एवं अन्य को उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति के विक्रय विलेख दिनांक 13.07.2012 एवं 04.09.2017 जिसका विवरण उपरोक्तानुसार है के संबंध में या उपरोक्त सम्पत्ति के हक स्वामित्व एवं कब्जे के संबंध में कोई दावा आपत्ति उजर हो तो वह मेरे समक्ष इस सूचना के प्रकाशन के सात (07) दिनों के अंदर मेरे नीचे वार्णित पते पर प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति शून्य एवं नाजायज मानी जाकर मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी तथा मेरा पक्षकार बंधक निष्पादन कर ऋण का वितरण करने को स्वतंत्र हो जावेगा सो सूचना जाने।

खसरा नं. 81/38 रकबा क्रमशः 0.008 हे. 920 वर्गफीट

दिनांक-10.03.2025

**सौरभ मिश्रा अधिवक्ता**
**कार्यालय ईतवारी बाजार धमतरी**
**मो.नं. 9285346788, 6266727945**

### बिरगुड़ी में अकबर को उपसरंपच चुना गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

ग्राम पंचायत बिरगुड़ी के मिलनसार व्यक्ति अकबर कश्यप को उपसरंपच चुना गया। मौके पर सरपंच अमृत नाग, पंच मदन सरोज, राजेश कश्यप, दुर्गेश कश्यप, खिंजन देव, दुर्गा नाग, अनिल देव, दूजेश्वरी कश्यप, हेमनाथ, संगीता बिसेन, शशि कश्यप, वीणा यादव, उमेश्वरी कुंजाम, सबीरा लहरे, सावित्री सरोज, दुर्गेश समुन्द्र, विजय गुड़ैसी, सतीश प्रभाष, निशा खान, चमरू मंडावी, डोमार साहू, राधे नाग, डाकेन्द्र कश्यप, संजय शांडिल्य, दीपक साहू, बीरू राजपूत, चूम्मन साहू, संतोष पाण्डे, तामेश्वर सोम, लालित कश्यप, मुकेश देव उपस्थित थे।

### यमाकांत बने भेंडरा के उपसरपंच



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

ग्राम भेंडरा में यमाकांत साहू उपसरपंच निर्वाचित हुए। निर्वाचन के पश्चात उन्होंने पंचों का आभार व्यक्त करते हुए आश्वस्त किया कि गांव के विकास तथा जनता की सुविधाओं तथा उनसे संबंधित योजनाओं को जमीनी स्तर पर क्रियान्वित करने में वह अपना पूरा योगदान देंगे।

इस अवसर पर सरपंच ज्योति मंडावी, देवेंद्र साहू, डोमन साहू, हिरेंद्र मंडावी, मानसिंह साहू, नन्दकुमार साहू, छगनलाल, गिरीश साहू, परमानन्द साहू, चिंता निषाद, ललित निषाद, द्वारिका साहू, लुकेश साहू, हरीश चंद्राकर, कामता साहू, महेंद्र साहू, तेजू साहू, तोरण निषाद, प्रीत साहू व अन्य पंचगण उपस्थित थे।

# जनता के विश्वास पर खरा उतरेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भखारा

■ विष्णु बने नपं भखारा के उपाध्यक्ष

नगर पंचायत भखारा में उपाध्यक्ष पद के लिए निर्वाचन की प्रक्रिया हुई। भाजपा की तरफ से वार्ड क्रमांक 12 के पार्षद विष्णु साहू ने उपाध्यक्ष पद के लिए दावेदारी पेश की। वर्तमान में नपं भखारा में भाजपा से 12 पार्षद एवं एक अध्यक्ष हैं वहीं कांग्रेस से मात्र तीन ही पार्षद हैं। उपाध्यक्ष के चुनाव में विष्णु साहू 12 पार्षद एवं अध्यक्ष सहित 13 मत प्राप्त कर विजयी रहे। कार्यकर्ताओं ने रंग गुलाल लगाकर उनका स्वागत किया। फटाका फोड़कर आतिशबाजी की। इस अवसर पर



उपाध्यक्ष विष्णु साहू ने कहा कि हम नई सोच के साथ उतरे हैं। नगर की मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। जनता का आशीर्वाद हमें प्राप्त हुआ है। पार्टी से चयनित प्रत्याशी जनता के विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। मौके पर नगर अध्यक्ष ज्योति हरख जैन, रामगोपाल देवांगन, भूपेन्द्र सोन, खेमलता साहू पार्षद, उमेश सोनवानी, कृपाल साहू, मन्नू यादव, अमरसिंह साहू, ललित मन्हारे, धर्म साहू, बिझवार साहू, रामकृष्ण नेताम, अभिषेक राव शिंदे, मयंक जैन, मोहित जैन, किशोर गौर, गौतम जैन, सनी बैस, विक्रांत शुक्ला एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी संतोष विश्वकर्मा व कर्मचारी उपस्थित थे।

Pride of Dhamtari
आनंद उत्सव
जियो पेट्रोल पंप के सामने, अर्जुनी, रायपुर रोड, धमतरी
संपर्क करें : परमानन्द सिन्हा 9560298043, 8178069165
पारिवारिक मांगलिक कार्य - विवाह, सगाई, जन्मदिन, वर्षगांठ, प्रशिक्षण कार्यक्रम, सेमीनार, प्रदर्शनी एवं कार पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरूद - 98268-82770, नगरी - 75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जोगामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201




## खबर संक्षेप

### राजपूत क्षत्रिय समाज का होली मिलन 23 को बैठक में लिया गया निर्णय



**धमतरी।** राजपूत क्षत्रिय समाज धमतरी की बैठक रिसाईपारा स्थित गायत्री मंदिर परिसर अनुष्ठान भवन में रखी गई थी जिसमें समाज के महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। आगामी 23 मार्च को समाज द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। बैठक में समाज के अध्यक्ष यदुनंदन सिंह, हनुमान सिंह, योगेश्वर सिंह, अवधेश सिंह ठाकुर, रामभुवन सिंह, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष योगेश ठाकुर, क्षितिज ठाकुर समेत अन्य मौजूद थे।

### उपसरपंच चुनाव में छह वोट से विजय हुए प्रिंस

**धनेलीकन्हार।** विकासखंड कांकेर के ग्राम पंचायत मरकाटोला में उपसरपंच का चुनाव संपन्न हुआ। इस चुनाव में सरपंच के साथ साथ 13 वार्ड के सभी पंचों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के उपरांत मतगणना में भारत हिचामी को 4 वोट व प्रिंस पाण्डेय को 10 वोट मिले। पीठासीन अधिकारी संगऊराम दर्रो की उपस्थित में चुनाव हुआ।

### होली के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित

**कांकेर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा 14 मार्च होली पर्व (जिस दिन रंग खेला जाय) के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। उन्होंने इस दिन जिले की समस्त देशी, विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों, एफएल 4 (क) व्यवसायिक क्लब एवं एफ.एल.7, सैनिक कैन्टीन को पूर्णतः बंद रखे जाने हेतु आदेशित किया है। जिला दण्डाधिकारी ने शुष्क दिवस के दौरान जिले में अवैध मदिरा संग्रहण, विनिर्माण, परिवहन व विक्रय पर पूर्णतः नियंत्रण सुनिश्चित करने का आदेश जिला आबकारी अधिकारी को दिया है।

### इंटर्नशिप पंजीयन के लिए आईटीआई में आज कैंप

**कांकेर।** भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा 01 करोड़ युवाओं के 500 शीर्ष कम्पनियों इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करने के लिए एक व्यापक योजना पीएम इंटर्नशिप योजना शुरू किया गया है, जिसमें आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों के पंजीयन के लिए 11 मार्च को कैंप का आयोजन किया जाएगा। महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के प्राचार्य ने बताया कि उक्त कैम्प में 21 से 24 वर्ष के आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी सम्पूर्ण दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर पंजीयन करा सकते हैं।

## अंतिम पृष्ठ का शेष

### निगम सभापति की तरह एमआईसी....

बड़े से बड़े पद पर एक सामान्य कार्यकर्ता की नियुक्ति कर रहा है। भाजपा के वरिष्ठों का कहना है कि भाजपा एक अनुशासित पार्टी है। शीर्ष नेतृत्व के आदेश और निर्देश का पालन सभी कार्यकर्ता करते हैं। गुटबाजी से दूर रहने के कारण भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। असंतुष्टों के लिए कोई जगह नहीं है। पार्टी से जुड़कर सिर्फ और सिर्फ जनता की सेवा करनी है। एमआईसी पद प्राप्त करने कई वरिष्ठ कतार में हैं लेकिन उनकी भी कुछ नहीं चल रही है। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश के इंतजार के बाद एमआईसी मेंबरों की नियुक्ति दो या तीन में हो जाएगी। सूत्रों का कहना है कि इस बार नए चेहरे को मौका दिया जाएगा।

---

जपं कुरुद के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष व सदस्यों ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ

# जनता के भरोसे पर खरा उतरने का भरसक प्रयास करेंगे : गीतेश्वरी





हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

जनपद पंचायत कुरुद के नव निर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों के शपथ ग्रहण को लेकर आयोजित प्रथम सम्मिलन ही अव्यवस्था की भेंट चढ़ गया। नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष के कहने पर समारोह परिषद सभागार की जगह जनपद मनरेगा हॉल में आयोजित किया गया। बिना कार्ययोजना के शुरू किए गए इस कार्यक्रम में पहले शपथग्रहण कराया गया, बाद में स्वागत सत्कार। स्वागत सत्कार भी ऐसा था कि अध्यक्ष-उपाध्यक्ष सहित 25 जनपद सदस्यों के लिए जनपद प्रशासन ने केवल चार गुलदस्ता (बुके) ही खरीदकर लाये थे।

सोमवार को जनपद पंचायत कुरुद के द्वितीय तल में बने मनरेगा सभाहाल में नवनिर्वाचित अध्यक्ष गीतेश्वरी हेमंत साहू, उपाध्यक्ष सतीश जैन को जपं के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित बोर्झा ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ लेते हुए अध्यक्ष श्रीमती साहू ने विश्वास दिलाया कि सरकार का संकल्प लक्ष्य अंत्योदय को चरितार्थ करते हुए वे शासन की हर योजना को बिना कोई भेदभाव के समाज के हर एक अंतिम व्यक्ति तक पहुंचायेंगे। उन्होंने विधायक अजय चंद्राकर, क्षेत्र की जनता, भाजपा कार्यकर्ता एवं शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि जनता ने हम सभी को भरोसे के साथ चुना है और अब हमारा कर्तव्य है कि हम इस भरोसे को कायम रखेंगे। प्रथम सम्मिलन में हुई अव्यवस्था के लिए खेद प्रकट करते हुए उपाध्यक्ष जैन ने कहा कि आज से अब प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारियों से रिपोर्ट लेकर पंचायत में गुणवत्तायुक्त विकास कार्य किये जायेंगे। इस अवसर पर जिपं सदस्य कुलेश्वरी गायकवाड़, टिकेश साहू, डॉ लोकेश साहू, रवि सिन्हा, कृष्णकांत साहू, झागेश्वर ध्रुव, भीम साहू, छत्रपाल बैस, भोलाराम साहू, आदर्श चंद्राकर, थानेश्वर तारक, नन्दकुमार साहू, पुष्पेंद्र साहू, पुरुषोत्तम सिन्हा, सविता गंजीर, अहिल्या साहू, तमेश्वरी साहू, भावप्रकाश साहू, दीनदयाल साहू , विजयगिरी बतौर अतिथि उपस्थित थे।

**आज से आप सबकी भूमिका ट्रिपल इंजन की है : गौकरण**

बतौर अतिथि नवनिर्वाचित जिपं उपाध्यक्ष गौकरण साहू, भाजपा नेतागण निरंजन सिन्हा, तिलोकचंद जैन ने कहा कि चुनाव जीतना अपने आप में एक जिम्मेदारी है। पंचायत स्तर पर विकास को गति देने के लिए हम सबको मिलकर कार्य करना होगा। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, जल आपूर्ति और स्वच्छता जैसी बुनियादी जरूरतों पर विशेष ध्यान देना होगा। केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने आप सबको ट्रिपल इंजन की भूमिका का निर्वहन करना है। जनता की सेवा के लिए जो जनादेश मिला, वे सभी निर्वाचित सदस्य पूरी ईमानदारी से निभाएं। यह केवल हमारा कर्तव्य नहीं, बल्कि एक संकल्प भी है कि हम क्षेत्र के विकास को नई ऊंचाइयों तक ले जाएं।

### सदस्यों ने जल संग्रहण व स्वच्छता बनाए रखने का लिया संकल्प

अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के बाद नवनिर्वाचित जनपद सदस्यगण रेखा शेषनारायण साहू, डीकेश्वरी हेमंत देवांगन, बनिता प्रमोद सिन्हा, सिंधु अजय बैस, एवन साहू, रूमान सिंह कुर्रे, कुलेश्वरी दिनेश्वर साहू, कंचन नारद लाल साहू, महेश उदयराम ध्रुव, शकुंतला रूपचंद देवांगन, टेकराम साहू, दिलीप चक्रधारी, मनीषा त्रिलोचन साहू, उर्वशी जितेन्द्र बंदेकर, हिमांशु साहू, आनंद यदु,लिली श्रीवास, अनुराग साहू, चंद्रशेखर (चंचल) साहू, ललिता रमेश भतपहरी, त्रित्रलेखा परीक्षित ध्रुव, गंगा टकेश साहू और ठाकुरराम साहू ने पद एवं गोपनीयता के साथ जल संरक्षण व पंचायत क्षेत्र को स्वच्छ और सुंदर बनाने का संकल्प लिया।

## यशवंतराव मेघावाले और पीजी कॉलेज धमतरी के बीच हुआ एमओयू



हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

यशवंतराव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड में प्राचार्य डॉ. प्रभा वेरुलकर के मार्गदर्शन में बीसीएस पीजी कॉलेज धमतरी एवं यशवंतराव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड के समाजशास्त्र विभाग के बीच एमओयू साइन किया गया जो दो वर्षों के लिए मान्य रहेगा। इसका उद्देश्य दोनों महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को समाजशास्त्र विषय एवं संबंधित सहायक प्राध्यापकों के ज्ञान का उचित लाभ हासिल हो सके। इस एमओयू के दरम्यान बीसीएस पीजी महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ डीआर टंडन, गौरीशंकर बघेल एवं यशवंत राव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड की प्राचार्य डॉ प्रभा वेरुलकर, समाजशास्त्र विभाग से दीपक कश्यप एवं डॉ.बिनोद कुमार एवं महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ.घनश्याम देवांगन, कौशलेश ध्रुव, निरूपा साहू, डॉ रमा चंद्राकार उपस्थित थे। डॉ. डीआर टंडन ने एमओयू के उद्देश्य पर अपनी बात रखी, साथ ही प्रत्येक माह ऑनलाइन मोड से कक्षाएं लेने की सहमति भी प्रदान की गई। इस दौरान समाजशास्त्र विभाग के एमए द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# नगर पंचायत नगरी के विकास निर्विरोध उपाध्यक्ष बनाए गए







हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

सोमवार को नगर पंचायत नगरी के उपाध्यक्ष पद का निर्वाचन हुआ। विहित प्राधिकारी अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं पीठासीन अधिकारी नगरी ने चुनाव संपन्न कराया। विकास बोहरा निर्विरोध उपाध्यक्ष चुने गए। अनुविभागीय अधिकारी प्रीति दुर्गम ने उन्हें नपं उपाध्यक्ष का प्रमाण-पत्र प्रदान किया। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, प्रदेश सहसंयोजक महेंद्र पंडित, पूर्व विधायक पिंकी शाह, पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, पूर्व नपं अध्यक्ष नागेद्र शुक्ला, कमल डागा, जिपं सदस्य अजय ध्रुव, जपं अध्यक्ष महेश गोटा, जनपद उपाध्यक्ष हृदय साहू, रवि दुबे, पूर्व उपाध्यक्ष अजय नाहटा गोलछा, पूर्व नपं अध्यक्ष आराधना शुक्ला, जनपद सदस्य शशि ध्रुव, राजू गोसाई, सुरेश साहू, जानू तिवारी, रुपेंद्र साहू, संत कोठरी, कमलेश देवांगन, राजा पवार, लोकेश साहू, पार्षद सुनील निर्मलकर, विनीत कोठारी, चलेश्वरी साहू, अलका साव, डागेश्वरी साहू, अश्वनी निषाद, अंबिका ध्रुव, असकरण पटेल, शंकरदेव समेत वार्डों के पार्षद एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### उपाध्यक्ष ने पदभार संभाला

नपं उपाध्यक्ष विकास बोहरा ने अपने चेंबर में जाकर पदभार ग्रहण किया। भाजपा कार्यकर्ताओं, पार्षदों ने गुलाल, फूलमाला पहनाकर उनका स्वागत किया।



# कराते खिलाड़ियों को दिया गया बेल्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले से 75 बालक एवं बालिकाओं ने जनवरी माह में बेल्ट ग्रेडिंग एग्जाम दिया था। सभी कराते खिलाड़ियों का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा। रविवार को बाबू पंढरीराव कृदत्त इंडोर स्टेडियम में सभी खिलाड़ियों को जिला कराते एसोसिएशन के अध्यक्ष सेंसई अशोक सिन्हा ने बेल्ट प्रदान किया। श्री सिन्हा ने कहा कि कराते आत्मरक्षा, धैर्य और एकाग्रता का मिश्रित स्त्रोत है। केंद्र और छत्तीसगढ़ सरकार खेल को बढ़ाने निरंतर कार्य कर रही है। पिछले साल राज्य सरकार ने खेल अलंकरण अवार्ड समारोह का आयोजन किया और उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी देने की घोषणा की। कार्यक्रम में 2 ब्लू बेल्ट, 18 ग्रीन बेल्ट, 30 आरेंज बेल्ट, 25 येलो बेल्ट कराते खिलाड़ियों को दिया गया। इस अवसर पर धमतरी कराते संघ के उपाध्यक्ष सोहन चक्रधारी, कोषाध्यक्ष विकास दत्त, सचिव गोविंद सार्वा, सह सचिव हेमंत चक्रधारी, विद्या कुर्रे, अंजलि फूटान, रिया फूटान, कुष्मिता साहू समेत खिलाड़ियों के अभिभावक उपस्थित थे।

खेमचंद कहते हैं, इस पुण्य कार्य को वे जीवनभर चालू रखेंगे

# बेसहारा मवेशियों व श्वान के लिए रोज बनती हैं हजारों रोटियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



शहर के समाजसेवी खेमचंद जैन, रानू डागा एवं मुन्ना छाजेड़ के सहयोग से सड़कों पर घूमने वाले बेसहारा मवेशियों व श्वान के लिए प्रतिदिन हजारों रोटियां तैयार की जाती हैं। 30 से 35 व्यक्ति प्रतिदिन सुबह 6 बजे से 10 बजे तक 200 से 300 रोटियां गलियों में घूम-घूमकर मवेशियों व श्वान को खिलाते हैं। खेमचंद जैन, रानू डागा ने बताया कि वर्तमान में देवश्री टाकिज रोड में गुजराती धर्मशाला के सामने खेमचंद के निवास में सुबह 8 बजे से 10 बजे तक रोटियां बनाई जाती है। लोग गरमागरम रोटियां ले जाकर गायों और कुत्तों को खिलाते हैं। खेमचंद 85 वर्ष ने बताया कि वे इसके लिए किसी से कोई सहयोग नहीं लेते। सभी खर्च निजी तौर पर करते हैं। इसमें माह में एक लाख तक खर्च आ जाता है। दो घंटे तक रोटियां बनाने में दो गैस सिलेंडर की खपत होती है। रोटियां बनाने के लिए 5 मजदूर की आवश्यकता पड़ती है। सहयोगी के रूप में वे स्वयं रोटी सेंकते हैं। रोटी बनाने के लिए चूल्हा गैस सिलेंडर हैं। उन्होंने आगे कहा कि लोग रोटी की कीमत समझे इसके लिए 1 रूपये सहयोग राशि एक रोटी के लिए लेते थे। 5 साल बाद इसकी कीमत 2 रूपये रखी गई। रोटी इंसानों के खाने लायक होती है। रोटी सिर्फ गेंहू के आटे से बनवाते हैं।

रोटी खिलाने की प्रेरणा पर उन्होंने बताया कि 2020 में कोरोनाकाल में लॉकडाउन होने के बाद जहां आम आदमी भोजन के लाले पड़ गए थे, वहीं मूक जानवर गाय, कुत्ता भूखे ही रह जाते थे। कोरोना काल में साल्हेवारपारा स्थित राखेचा भवन में स्वयं सेवी संगठन द्वारा 1 रूपये में रोटी देने का कार्यक्रम बनाया गया जहां 6 हजार से अधिक रोटियां प्रतिदिन बनती थी और समाजसेवी व्यक्ति रोटी लेकर गायों और कुत्तों को खिलाना शुरू कर दिए। कोरोना काल समाप्त होने के बाद यह कार्य कुछ दिन बंद रहा। अब खेमचंद जैन ने अपने निवास में फिर से यह कार्य शुरू किया है। उनका कहना है कि वे जीवनपर्यन्त यह पुण्य कार्य अपने खर्च से चालू रखेंगे।

---

## संक्षिप्त खबरें

### सिहावा में सुनील बने उपसरपंच



**नगरी।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव संपन्न होने के बाद ग्राम पंचायतों में उपसरपंच का चुनाव किया गया। ग्राम पंचायत सिहावा में उपसरपंच सुनील सिंहसार बने। सरपंच उषादेवी नाग, शिव पटेल, धर्मवीर पटेल, अशोक पटेल, राजकुमार, बलदेव निषाद, नारायण वैष्णव, बालकदास वैष्णव, दीपकराम ने पुष्पमाला गुलाल लगाकर उनका स्वागत किया।

### डांडेसरा स्कूल में महिला दिवस मनाया गया



**डांडेसरा।** अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर शासकीय नवीन प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला डांडेसरा में महिला दिवस मनाया गया। महिला शिक्षकों द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर पूजन वंदन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। प्रथम महिला शिक्षक सावित्री बाई फुले के चरित्र पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात शिक्षकों एवं रसोईया, सहायिकाओं को श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। मंच का संचालन शिक्षक बृजभूषण बंजारे ने किया। इस अवसर पर पीएसजी कर्मचारी टिकेश्वर साहू, शिक्षक सूर्यकान्त साहू, किरणकुमार साहू, शिक्षिका हेमलता कंवर, खेमिन साहू, डिगेश्वरी साहू, संतोषी कंवर, चित्रकुमारी साहू, चिंटू साहू, चन्दन कंवर एवं रसोईया सरस्वती साहू, देवकी साहू, सहायिका नरेश्वरी साहू एवं सरोज साहू उपस्थित थे।

### उपसरपंच चुनाव में धीरज ने 3 मतों से जीत दर्ज की



**जीजामगांव।** ग्राम मुरा में उपसरपंच के लिए चुनाव हुआ। युवा प्रत्याशियों ने चुनावी मैदान में अपनी दावेदारी प्रस्तुत की। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में मुरा में कुल 18 वार्ड और सरपंच का चुनाव हुआ था। 18 वार्ड में से 12 वार्ड में भाजपा समर्थित प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की थी। कांग्रेस से 6 प्रत्याशियों ने जीत अपनी झोली में डाली थी। सरपंच पद पर भाजपा समर्थित प्रत्याशी ने जीत दर्ज की। उपसरपंच चुनाव में कुल 19 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया था जिसमें कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी धीरज रिगरी को 11 मत तथा भाजपा समर्थित प्रत्याशी राजकुमारी साहू को 8 मत प्राप्त हुए। इस तरह धीरज रिगरी ने 3 मतों से जीत दर्ज की। उनकी इस जीत से गांव में खुशी का माहौल है। जीवन साहू, पुष्पेंद्र, भारत, बेनीराम साहू, धनसिंग साहू, सुखचंद साहू, खोरबाहरा साहू, नोहर साहू, शैलेन्द्र साहू, धनेश्वरी साहू, तमेश्वरी साहू, सुनीता साहू, माहेश्वरी साहू, गीताबाई, मानाबाई, ऐशपाल साहू, लीलू साहू, तोरण साहू, खम्भन विश्वकर्मा, दुलारू साहू, सावित्री साहू ने हर्ष व्यक्त किया है।

### घास जमीन पर अवैध कब्जा एवं निर्माण कार्य को मिला स्थगन आदेश



**अंवरी।** नगर पंचायत भठेली भखारा वार्ड 13 में घास जमीन पर अवैध कब्जा एवं निर्माण कार्य पर नायब तहसीलदार भखारा द्वारा स्थगन आदेश दिया गया है। लेखराम साहू पूर्व विधायक कुरुद ने जिलाधीश से लिखित शिकायत की थी कि नगर पंचायत भठेली भखारा अंतर्गत वार्ड क्र. 13 में हुपेंद्र सोन द्वारा घास जमीन खसरा नंबर 484 पर अवैध कब्जा कर निर्माण कार्य किया जा रहा है। उक्त भूमि के पीछे खसरा नंबर 485 पर लेखराम साहू की लगानी जमीन है। उन्होंने आगे कहा कि अगर हुपेंद्र सोन घास जमीन पर घर बनाता है तो मेरी जमीन पर जाने वाला रास्ता पूरा बंद हो जायेगा। मेरी जमीन में जाने वाला एक ही रास्ता है। इस आवेदन पर गौर करते हुए नायब तहसीलदार भखारा ने हुपेंद्र सोन को स्थगन आदेश जारी किया है।

### प्राथ. एवं कन्या माध्य.शाला में हुआ न्योता भोज



**अंवरी।** छग के सरकारी स्कूलों के बच्चों को पौष्टिक और स्वादिष्ट खाना देने के साथ भोजन में उनकी रुचि बढ़ाने के लिए न्योता भोज शुरू किया गया है। कोई भी अपनी स्वेच्छा से स्कूलों में भोज का आयोजन कर सकता है। इसी कड़ी में स्थानीय गर्ल्स स्कूल में कंवरलाल जैन एवं सूरजदेवी जैन की 50वीं वैवाहिक वर्षगांठ पर परिवार द्वारा न्योता भोज रखा गया। इस अवसर पर बच्चों को तिल आहार, फल एवं बिस्किट दी गई। प्रधानपाठिका उषा साहू एवं भारती मैडम ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मिकेश साहू, रूद्रप्रकाश पुरी, अमज़द खान, लता जैन, निर्मला जैन, कविता जैन, सविता जैन, मयंक, उषा पारख, साक्षी जैन, ओम, संयम, काव्या, होशिका, हंशिका, अनंत समेत स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

### खबर संक्षेप



## धीवर समाज भारतीय समाज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा : रंजना

**धमतरी।** धीवर समाज धमतरी परगना ने शीतलामाता मंदिर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। अतिथि पूर्व विधायक रंजना डीपेंद्र साहू शामिल थी। कार्यक्रम में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं समाज के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। अतिथि उद्बोधन में श्रीमती साहू ने कहा कि धीवर समाज एक जागरूक समाज है। इसकी जितनी प्रसंशा की जाए उतना कम है। धीवर समाज भारतीय समाज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है जो विशेष रूप से मछुआ समुदाय के रूप में पहचाना जाता रहा है। समाज के लोग अपने पारंपरिक रीति रिवाज और संस्कृति के प्रति बहुत निष्ठावान रहते हैं। श्रीमती साहू ने आगे कहा कि धीवर समाज की अपनी एक अलग अद्भुत संस्कृति और पहचान है और इस समाज के लोग धीरे-धीरे आधुनिकता की आगे बढ़ रहे है। शिक्षा, स्वास्थ्य, राजनीतिक, सामाजिक सहित सभी क्षेत्र में अपनी नई पहचान बना रहा है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## सिलीडीह में निर्विरोध उपसरपंच बने रामबिशाल



**जीजामगांव।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बाद पंचों के बीच उपसरपंच का चुनाव 8 मार्च को हुआ। ग्राम पंचायत सिलीडीह में रामबिशाल साहू निर्विरोध उपसरपंच चुने गए। रामबिशाल के उपसरपंच चुने जाने पर सरपंच, पंचगण तथा ग्रामीणों ने हर्ष जाहिर किया है।

## दिव्य गोपालधाम में हुआ महिलाओं का सम्मान

**धमतरी।** अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर दिव्य गोपालधाम तेलीनसत्ती में विशिष्ट महिलाओं के साथ कामकाजी दिव्यांग महिलाओं को डायरी एवं पेन देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर धनेश्वरी साहू जिला पंचायत सदस्य एवं समाज कल्याण विभाग की उपसंचालक डॉ. मनीषा पांडे उपस्थित थीं। दिव्यांग महिलाओं संतोषी विश्नोई, सुलेखा अली, गायत्री साहू, राजेश्वरी, केश्वरी एवंशमाजिक कार्यकर्ता श्रीमती फगेशवरी साहू, प्रीति देवांगन प्रभारी उपसंचालक अखिलेश तिवारी आदि का घनश्याम सिंह साहू अध्यक्ष छग दिवयांग अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ दवारा पेन और डायरी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में दिव्यांगजनों को स्वरोजगार से जोड़ने, आवास, पेंशन ई-रिक्शा तथा शासन से मिलने वाली सुविधाएं एवं लाभ के बारे में श्री तिवारी ने विस्तार से समझाया।

### उपायुक्त के मार्गदर्शन में हुई कार्रवाई, बड़ी संख्या में पुलिस बल रहा मौजूद

# अतिक्रमण पर चला नगर निगम का बुलडोजर, दुकानदारों ने जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





शहर में विंध्यवासिनी मंदिर के पास कुछ दुकानों में हुए अतिक्रमण पर निगम का बुलडोजर चला। इस बीच दुकानदार आक्रोशित नजर आए और द्वेषपूर्ण कार्रवाई का आरोप लगाया।

सोमवार को नगर निगम का अमला उपायुक्त पीसी सार्वा के नेतृत्व में विंध्यवासिनी मंदिर के पास पहुंचा और वहां से अतिक्रमण पर कार्रवाई शुरू की गई। होटल के आगे सीमेंट छड़ एवं अन्य दुकान के सामने शेड लगाया गया था जिसे जेसीबी से तोड़ा गया। इस बीच दुकानदार मोहलत भी मांगते रहे। दुकानदार ने कहा कि चार दिन पहले नोटिस दिया गया था। अभी कार्रवाई रोकने आधा घंटा समय मांगा गया लेकिन नहीं दिया गया। उसके बाद निगम अमला होटल के पास पहुंचा जहां पर आगे तक शेड बढ़ाए जाने पर बुलडोजर चलाया गया। इस बीच शेड तोड़ते वक्त बिजली का पोल टेढ़ा हो गया और चिंगारी निकलने लगी, जिससे लोग सहम गए। इसके बाद थोड़ी देर के लिए कार्रवाई रोक दी गई। वहां पर पूर्व पार्षद, वर्तमान पार्षद भी विरोध करते रहे। अधिकारियों का कहना था कि अतिक्रमण पर कार्रवाई के लिए नोटिस दिया गया था लेकिन हटाया नहीं गया। इस बीच ब्लॉक कांग्रेसी भी पहुंच गए, वह भी विरोध करने लगे। बड़ी संख्या में घर की महिलाएं भी सामने आ गई जिसे रोकने के लिए शक्ति टीम के अलावा महिला पुलिस बल भी तैनात किया गया था। निगम की ओर से पीसी सार्वा के साथ ईई महेंद्र जगत, आरआई, एआरआई सहित महिला स्टाफ मौजूद रहा। विरोध को देखते हुए कोतवाली थाना प्रभारी राजेश मरई के साथ कोतवाली स्टाफ एवं लाइन से पुलिस बल मंगाया गया था।

इस संबंध में पूर्व पार्षद ने कहा कि यह पूरी तरह राजनीतिक करवाई है। द्वेषवश कार्रवाई की जा रही है। उनकी ही दुकान को टारगेट बनाया गया है। इस संबंध में उपायुक्त ने कहा कि कोई राजनीतिक द्वेष से कार्रवाई नहीं है। नियमतः कार्रवाई की गई है। पहले नोटिस दिया गया था। बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाया गया। उसके बाद ही कार्रवाई की गई है।

## महापौर रोहरा ने इतवारी बाजार का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

महापौर रामू रोहरा ने शहर के सबसे बड़े साप्ताहिक बाजार इतवारी बाजार का निरीक्षण किया। उन्होंने बाजार में आने वाले ग्राहकों के साथ फुटकर व्यापारियों से चर्चा कर उनकी समस्याएं जानी। उन्होंने सभी के विचारों को सुना और आगे इसे कैसे क्रियान्वित किया जा सकता है, उसकी रुपरेखा बनाने अधिकारियों को निर्देशित किया।

## निगम सभापति की तरह एमआईसी मेंबर के चेहरे भी चौंकाने वाले होंगे

- 5 से 6 सीट नए पार्षदों को मिलने की संभावना, निगम में 12 नए पार्षद चुनकर आए हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

भाजपा ने एक नई परम्परा की शुरुआत करते हुए पार्टी के युवा एवं नए चेहरे को मौका देने की कोशिश की है जो पूरी तरह सफल रही। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व की सलाह पर एक प्रयोग विभिन्न राज्यों सहित स्थानीय निकायों के चुनावों में किया जा चुका है। इससे पार्टी में संतुलन बना रहा। जमीन से जुड़े नए कार्यकर्ताओं को मौका देने से पार्टी संगठन और निखर गया है। महापौर चुनाव, सभापति का चयन इसका उदाहरण है जिसे चाहकर भी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने नहीं नकारा।

धमतरी नगरपालिक निगम में सभापति चयन को लेकर जो कयास लगाए जा रहा था, वह पूरी तरह फेल हो गया। आमजनता व पार्टी के अंदर, बाहर तथा मीडिया द्वारा यही बात कही गई कि सभापति के लिए किसी वरिष्ठ को मौका मिलेगा, लेकिन शीर्ष नेतृत्व ने लिफाफा खोलकर सबको चौंका दिया।

बता दें कि यही प्रयोग निगम के एमआईसी मेंबर बनाने में किया जाएगा। जानकारों का कहना है कि एमआईसी मेंबर महापौर की पसंद से बनाया जाता है, लेकिन शीर्ष नेतृत्व के निर्देश का भी पालन करना आवश्यक है। बहरहाल होली त्योहार से पहले 12 या 13 मार्च को स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। विदित हो कि निगम चुनाव में भाजपा की ओर से 27 पार्षद चुनकर आए हैं, जिसमें 15 पार्षद रिपिट हुए हैं। 12 पार्षद ऐसे हैं जो नए हैं, इसलिए 8 एमआईसी मेंबरों में से 5 से 6 सीट नए चेहरे को मिल सकती है। अगर ऐसा होता है तो बड़ी संख्या में युवा भाजपा संगठन से जुड़ने लगेंगे, क्योंकि अब उन्हें मालूम चल गया है कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो ▸▸ शेष पेज 11 पर

## बोरिद में जागरण मंच की ग्रामीण टीम गठित



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम बोरिद में हिन्दू जागरण मंच की बैठक हुई। इस दौरान जागरण मंच की ग्रामीण टीम का गठन किया गया। जिला सहसंयोजक डाकेश्वर साहू एवं संचार विभाग से चिराग साहू एवं हिमांशु साहू ने बताया कि गांव में अवैध रूप से धर्मांतरण कराया जा रहा है। गायों की तस्करी हो रही है, इस पर विशेष रूप से कार्य करने की आवश्यकता है। संयोजक पुरुषोत्तम साहू ने अपनी टीम को चरस, गांजा, शराब के धंधों पर नियंत्रण करने प्रेरित किया। हिन्दू जागरण मंच के प्रांत युवा प्रमुख दीपक सिंह ठाकुर ने कहा कि यदि गांव में कोई भी बाहरी व्यक्ति नजर आता है। चूड़ी, साड़ी, कम्बल या और कोई भी उत्पाद लेकर बेचने आता है तो उनकी मुसाफिरी दर्ज है या नहीं, यह चेक करवाएं और उसका आधार कार्ड भी चेक करें। बैठक में गिरीश कुमार, केशव, टिकेश्वर, कमल नारायण, रूपेश, गौतम, प्रीतम, सतीश, संजीव, योगेश, हेमंत, संजीव चक्रधारी, डोमेस, तोमेश नेताम उपस्थित थे।

## जनदर्शन में मुझे पैर ही नहीं बल्कि आय का जरिया भी मिला

- दिव्यांग हेमंत को जनदर्शन में तत्काल मिली ट्राईसिकल, कलेक्टर का किया धन्यवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



जनदर्शन में ट्राईसिकल मिलने पर दिव्यांग हेमंत काफी खुश नजर आए। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने दूर-दराज से आने वाले ग्रामीणों की जनदर्शन में समस्या शिकायतें सुनी। इस दौरान भखारा विकासखंड के ग्राम सेमरा निवासी हेमंत साहू ने शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर श्री मिश्रा ने इस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए समाज कल्याण विभाग के अधिकारियां को निर्देशित किया कि उक्त हितग्राही को ट्राईसिकल प्रदान करें। समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों ने तत्काल हेमंत साहू को ट्राईसिकल दी।

ट्राईसिकल मिलते ही हेमंत साहू के चेहरे पर मुस्कान दिखाई देने लगी। हेमंत ने बताया कि वह बचपन से ही 75 प्रतिशत अस्थिबाधित दिव्यांग हैं। अपने रोजमर्रा वे छोटे-छोटे कामों को पूरा करने के लिए उसे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। वह अपनी रोजी-रोटी के लिए गांव में ही मोबाइल सिम बेचने का काम करता है लेकिन शारीरिक परेशानियों की वजह से वह ज्यादा दूर तक नहीं जा पाता था। लेकिन जनदर्शन में आवेदन देने के बाद उसे कलेक्टर के निर्देश पर तत्काल ट्राईसिकल मिल गई। हेमंत ने कहा कि वह अब ट्राईसिकल की सहायता से थोड़ी दूर जाकर मोबाइल सिम बेचने का काम कर सकेगा। उन्होंने कहा कि जनदर्शन में मुझे ट्राईसिकल नहीं बल्कि आय का जरिया और पैर दोनों मिल गये।

### संक्षिप्त खबरें

## परसुली के उपसरपंच घनश्याम बने



**धमतरी।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पश्चात ग्राम पंचायत परसुली में उपसरपंच पद के लिए चुनाव हुआ। चुनाव पीठासीन अधिकारी बसंत गंजीर ने बताया कि यहां उपसरपंच पद हेतु प्रीतलाल निषाद एवं घनश्याम बांधे चुनाव मैदान में थे। घनश्याम बांधे को 8 मत व प्रीतलाल निषाद को 3 मत मिले। इस तरह घनश्याम बांधे उपसरपंच निर्वाचित हुए। मौके पर सरपंच प्रेमू चन्द्रवंशी, सचिव सोहद्रा सोनवानी, चित्रसेन निषाद, खुमेश्वर साहू, योगेश्वरी साहू, हेमलता साहू, नीलम डहरिया, कुमारी चन्द्रवंशी, तुलसी निषाद, गौरी चन्द्रवंशी समेत अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

## बारना में दीपक सरपंच व मनीष उपसरपंच बने



**धमतरी।** ग्राम बारना के ग्रामीणों ने दीपक कुमार पटेल को अपना आशीर्वाद देकर सरपंच बनाया व पंचों ने मनीष पटेल को उपसरपंच बनाया। नवनिर्वाचित सरपंच, उपसरपंच व पंचों ने इस जीत का श्रेय ग्रामीणों को दिया। यह जानकारी सुभाष सोनवानी ने दी है।

## बीमार बच्ची के इलाज के लिए टीचर्स एसोसिएशन धमतरी ने दिए 61000 रुपए



**धमतरी।** विश्व महिला दिवस पर छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिला इकाई धमतरी एवं शिक्षक समूह ने सेवा, समर्पण एवं संवेदना की अनूठी मिसाल पेश की। ग्राम परसतराई निवासी तूलिका साहू शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरतुली में दसवीं कक्षा की छात्रा हैं। वह सिकलिन एवं पेट में ट्यूमर की गंभीर समस्या से जूझ रही हैं। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष डॉ भूषण लाल चंद्राकार ने बताया कि जैसे ही यह बात संगठन एवं शिक्षकों को पता चली तो जिले के शिक्षक समूह द्वारा अभियान चलाकर आर्थिक सहायता राशि का संकलन किया गया। कुमारी तूलिका के माता-पिता की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। ओजस्वी नर्सिंग होम में बच्ची का इलाज चल रहा है। 8 मार्च को उनका ऑपरेशन होना था। ऑपरेशन से पहले लगभग 61000 रूपये उनके परिजनों को दिए गए। एसोसिएशन ने बच्ची का हाल-चाल जाना। शिक्षकों की ओर से सहायता राशि प्रदान करने के लिए जिला अध्यक्ष डॉ भूषण लाल चंद्राकार, सचिव बलराम तारम, श्रीमती भारती आर्य, महासचिव कैलाश प्रसाद साहू, डॉ आशीष नायक, राहुल नेताम, धमतरी ब्लॉक अध्यक्ष गेवाराम नेताम, देवेंद्र भारद्वाज उमेश साहू उपस्थित हुए।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
09 मई से 20 मई 2025, 06 जून से 17 जून 2025, 25 जुलाई से 5 अगस्त (सावन में) (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

### कांग्रेस के पारसमणि को 8 वोट से पराजित किया

# कोमल यादव बने आमदी के नपं उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭आमदी(धमतरी)



नगर पंचायत आमदी में उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव हुआ। भाजपा की ओर से पार्षद कोमल यादव ने उपाध्यक्ष के लिए दावेदारी पेश की। प्रस्तावक उमानंद कुम्भकार एवं समर्थक श्रीमती सुनीता साहू रहे जबकि कांग्रेस की ओर से पारसमणि ने दावेदारी ने की।

चुनाव में कोमल यादव को 12 और पारसमणि को 4 वोट मिले। इस तरह से कोमल यादव ने कांग्रेस को बड़े अंतर से हराते हुए नगर पंचायत उपाध्यक्ष की नवीन जिम्मेदारी ली। इस अवसर पर आमदी मण्डल अध्यक्ष अमन राव ने कहा कि यह भारतीय जनता पार्टी के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। यह समर्पण और कड़ी मेहनत का परिणाम है। नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष से आशा है कि वे अपने कर्तव्यों को पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाएंगे। उनके उपाध्यक्ष बनने पर कविन्द्र जैन जिला उपाध्यक्ष, विकल गुप्ता चुनाव प्रभारी, ज्योति साहू अध्यक्ष नगर पंचायत आमदी, मुरारी यदु, हेमंत माला, ज्ञानेश्वर साहू, हेमू, नीलकंठ साहू, परमेश्वर साहू, उमानंद कुंभकार, सुनीता साहू, लक्ष्मी पटेल, संतोषी साहू, सरीता साहू,किरण साहू, त्रिभुवन मटियारा, नारायण मटियारा, लिखेश्वरी साहू, कृपाल साहू, चन्द्रशेखर साहू, आनंद राम, विष्णु साहू, मुकेश पटेल, बंशी साहू, रामकुमार, हेमशंकर, महेश साहू समेत अनेक लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है। ज्ञात हो कि कोमल यादव पूर्व में पार्षद रह चुके हैं। वर्तमान में भाजपा आमदी मंडल के मंडल महामंत्री हैं।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport